www.wagadsandesh.com

वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये
सम्पर्क करें
ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
☎ 9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-195 सागवाड़ा, बुधवार,23 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

भारतीय नव वर्ष 2 अप्रेल को, शोभायात्रा निकलेगी

नववर्ष अभिनंदन समिति की बैठक हुई

सागवाड़ा। स्वराज 75 भारतीय नववर्ष अभिनंदन समिति की ओर से भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ला एवं प्रतिपदा दो अप्रेल को मनाए जाने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में मंगलवार शाम बैठक हुई। बैठक नव वर्ष अभिनंदन समिति के अध्यक्ष हरीशचंद्र सोमपुरा, संघ के जिला कार्यवाह विष्णु बुनकर, नगर संघचालक उमाकांत व्यास के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में ओम अंकन के लिए आयुष जोशी, अजय बुज व दीपक परमार, शोभायात्रा प्रभारी भूपेश पंवार, विजय पंचाल व विपुल पंचाल, स्वागत द्वार प्रभारी श्याम भट्ट व कृष्णपाल सिंह चौहान, आर्थिक समिति प्रभारी जयंतीलाल मोची, दिनेश शर्मा, मंगलेश वाडेल, गिरीश सोमपुरा, हरीश पाटीदार, नारायणलाल बनोत व बलवीर अहारी, पत्रक वितरण प्रभारी सेविका समिति की तृप्ति भावसार व कमलेश्वरी गुप्ता, भजन संध्या प्रभारी मुकेश भोई, समाज संपर्क प्रभारी कन्हैयालाल भाटिया, लक्ष्मीकांत सुथार, निखिल गुप्ता तथा शोभायात्रा व्यवस्था प्रभारी उमाकांत व्यास को बनाया। अध्यक्ष सोमपुरा ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 11 बजे गामठवाड़ा स्थित गणपति मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। यह यात्रा गोल चौराहा, बैंक तिराहा, मांडवी चौक, कंसारा चौक, जूना मंदिर, परमारवाड़ा, सलाटवाड़ा, पोल का कोठा, कलालवाड़ी, बैंक तिराहा होकर महिपाल खेल मैदान पहुंचेगी। सोमपुरा के अनुसार नगर के सभी चौराहे पर सुबह साढ़े आठ बजे नगरवासियों को शुभकामना संदेश देने, सेवा बस्ती में हनुमान जी की आरती शाम पांच बजे, भारत विकास परिषद की ओर से शाम साढ़े सात बजे गोल चौराहे पर दीप शृंखला तथा मांडवी चौक स्थित रोकडिया गणपति मंदिर पर रात सवा आठ बजे महाआरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर मांडवी चौक में भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर सिंधी समाज की ओर से झुलेलाल जयन्ती के तहत शाभसायात्रा में शामिल नगरवासियों को शरबत पिलाया जाएगा।

इस दौरान जीवनलाल पाटीदार, सूर्या अहारी, कमलेश्वरी गुप्ता, अनुराग पाठक, जिला प्रचारक सुनील कुमार, नरेन्द्र भगत मौजूद थे।

ज़ील हॉस्पिटल में विशेष चिकित्सा शिविर कल

पेट, आंत, लीवर रोग और डाईबिटिज, थायरॉइड व हार्मोन रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL
Advanced health-care, close to home

सागवाड़ा। ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में गुरुवार 24 मार्च को विशेष चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श देंगे। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा। पेट, आंत और लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉ. राजन ढींगरा और डाईबिटिज, थायरॉइड और हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. मोना ढींगरा शिविर में मौजूद रहेंगे जो अपने अनुभव से वागड़वासियों को लाभान्वित करेंगे। ज़ील हॉस्पिटल सीओओ डॉ. टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी और जैसी जांचों की सुविधा भी है। ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में पूरे मार्च माह में विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे है। ज़ील अस्पताल में राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क इलाज किया जा रहा है।अधिक जानकारी के लिए 9351230476 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। 25 मार्च को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. चिराग सोलंकी एवं 26 मार्च को बच्चों के हड्डी के विशेषज्ञ डॉ. मौलिक पटेल परामर्श देंगे।

मनरेगा में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को मिलेगा 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार

जयपुर। वित्तीय वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को रोजगार की मांग किए जाने पर राज्य मद से 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार अर्थात कुल 125 दिवस का रोजगार प्रति परिवार उपलब्ध कराया जाएगा।

बुजुर्ग ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

2 साल पहले एक्सीडेंट के बाद से चल रहा था मानसिक बीमार

डूंगरपुर। जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाड़ा गांव में एक बुजुर्ग ने अपने घर मे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग का दो साल पहले एक्सीडेंट हुआ था और इसके बाद से मानसिक बीमार चल रहा था। रामसागड़ा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामसागड़ा थाने के थानाधिकारी बाबूलाल डामोर ने बताया कि गामड़ी अहाड़ा निवासी मुकेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की मंगलवार को उसकी मां मणी उसकी भानजी को ठाकरड़ा नवोदय स्कूल में पढ़ाई के लिए रखने गई थी। दिन के समय वह इलेक्ट्रिक की दुकान पर था। 60 वर्षीय पिता रत्तू यादव घर पर अकेले थे। मुकेश यादव ने रिपोर्ट में बताया कि दो साल पहले उसके पिता रत्तू का एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद से उसके पिता मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। बेटे मुकेश ने बताया की घर पर अकेले पिता ने रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम के समय मां मणी घर आई तो पिता को फंदे पर लटका देखकर चिल्लाने लगी। आसपास के लोग दौड़कर आ गए और फंदे पर लटके पिता को नीचे उतारा। इसके बाद डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए, लेकिन तब तक देर हो गई थी और डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर रामसागड़ा थाने से हेड कांस्टेबल रमेशचंद्र मौके पर पहुंचे। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। आज बुधवार को बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वही मुकेश ने बताया की उसके बड़े भाई की भी 2016 में बीमारी से मौत हो गई थी।

सागवाड़ा भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

सागवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनीया के निर्देशानुसार और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पण्ड्या की अनुशंषा पर बुधवार को सागवाडा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राज रेवारी द्वारा सागवाडा ग्रामीण मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में ईश्वर पाटीदार हडमाला, मुकेश जोशी जेठाना, कपिल पाटीदार कानपूर, रमेश सोमपुरा भीलूडा, महिपालसिंह वगेरी, मीरा देवी खॉट लिम्बोड़ छोटी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही वासुदेव पाटीदार गोवाडी, प्रकाश डेण्डोर घोटाद व सुनिल दवे बुचिया बड़ा को महामंत्री, धीरेन्द्र पंचाल भीलूडा, सुरेश भट्ट घोटाद, कान्तिलाल पाटीदार वणोरी, भगवान पाटीदार सेमलिया पंड्या, सुरेन्द्रसिंह चौहान वगेरी व मिलन दिक्षित खडगदा को मंत्री का कार्यभार सौंपा। वहीं प्रकाश भट्ट खडगदा को मिडिया प्रभारी, विनोद पाटीदार सेलोता को कोषाध्यक्ष, हरिश डामोर फलातेड को सचिव, मकरम रेबारी लिम्बोड बडी को सह सचिव और करूणाशंकर जोशी बुचिया बड़ा को कार्यालय प्रभारी बनाया गया।

ईओ मोहिल ने किया इंदिरा रसोई योजना का निरीक्षण

सागवाड़ा। राज्य सरकार की ओर से संचालित इंदिरा रसोई योजना का अधिशासी अधिकारी मुकेश मोहिल ने बुधवार को औचक निरिक्षण किया। शहर में इंदिरा रसैई योजना के तहत भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। ईओ मोहिल ने यहां भोजन करने वाले नागरिकों को भोजन की मात्रा एवं राशि संबधित जानकारी ली।समय पर भोजन देने और पौष्टिक भोजन देने हेतु निर्देशित किया। इओ ने कहा कि इन्दिरा रसोई जो जरूरतमंद और निर्धन लोगो को केवल 8 रुपये में भोजन कराया जा रहा है।

सुबह और शाम पौष्टिक भोजन जरूरतमंद को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूररतमन्द को भोजन सही समय पर मिले और ताजा मिले उसके लिए एजेंसी और वहां कार्य कर रहे कार्मिक शुद्ध भोजन उपलब्ध कराये और इस कार्य में कोई भी कोताही और लापरवाही न बरते। ने वहा खाना खा रहे लोगो से बातचीत कर खाने की शुद्धता की के बारे में पूछा। उनके साथ योजना प्रभारी राजेश देंडोर रोशन व्यास भी मौजूद रहे।

स्काउट व गाइड के द्वितीय, तृतीय सोपान का प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर मार्गदर्शन दिया

सागवाड़ा। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय डूंगरपुर के तत्वावधान में स्थानीय संघ सागवाडा द्वारा छोटी लिम्बोड में चल रहे राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर एवं द्वितीय तृतीय सौपान प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन व मार्गदर्शन के लिए प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं पदेन सीबीईओ सागवाडा भेमजी खांट, कार्यवाहक सीबीईओ प्रदीप सिंह चौहान , प्रधानचार्य बरबोदनिया प्रशांत दीक्षित, बुचिया बड़ा प्रधानाचार्य कांतिलाल पाटीदार एवं स्थानीय संघ कोषाध्यक्ष केशव चंद्र बारोट ने दौरा किया। अतिथियों का स्कार्फ द्वारा स्वागत शिविर संचालक नानालाल अहारी, मोहनलाल पाटीदार, लीलाराम गामोट एवं विष्णु कुमार एकोत ने किया। अतिथियों को शिविर संचालक मंडल ने शिविर की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। अतिथियों ने प्रशिक्षक दल के समर्पण एवं सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने स्काउट गाइड आंदोलन के सेवा एवं संस्कार भावना की आज के युग मे महत्वत्ता को इंगित किया।

अनुसूचित जाति व जनजाति विकास परिषद के सम्मेलन को लेकर सागवाड़ा में ली प्रदेशाध्यक्ष ने बैठक

सम्मेलन 10 अप्रैल को जयपुर में

डूंगरपुर। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली द्वारा राजस्थान प्रदेश का सम्मेलन 10 अप्रैल को जयपुर के पिंक सिटी प्रेस क्लब सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की अध्यक्षता व प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा, देश के सभी राज्यो से दलित समुदाय के राजनेता, समाजसेवी, भामाशाह तथा ग्राम स्तर से लेकर प्रदेशस्तर तक के पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन को लेकर 22 मार्च को प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा द्वारा सागवाड़ा के बैंक तिराहा स्थित कांग्रेस सेवादल कार्यालय में कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों की बैठक ले सम्मेलन को लेकर व्यापक चर्चा की। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार जगदीश सेन जयपुर, प्रकाश जी जनरल सचिव, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान के कोदर लाल बुनकर, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान मनोहर खड़िया, प्रदेश महासचिव राकेश गोरी, प्रदेश महामंत्री मंगल सिंह चरपोटा, संभागीय अध्यक्ष महावीर पुरी राठौड़, प्रदेश महामंत्री मनोहर कोटेड , प्रदेश सचिव मगन मोर, यूनुस मंसूरी, विनोद बुनकर, प्रभुलाल डिंडोर, जगदीश बुनकर, वासुदेव यादव, धर्मेंद्र खराड़ी, वासुदेव रोत आदि उपस्थित रहे।

बेणेश्वरधाम पर विश्व शान्ति व कल्याण के लिए होगा महायज्ञ व प्रतिष्ठा

साबला। जिले के साबला स्थित बेणेश्वरधाम पर निर्माणाधीन राधा कृष्ण मंदिर के शिखर व प्राण प्रतिष्ठा आगामी 27 नवम्बर से 2 दिसंबर तक प्रस्तावित है। इससे लेकर बुधवार को बेणेश्वरधाम के पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज ने हरिमन्दिर परिसर में प्रत्रकार वार्ता की। पीठाधीश्वर ने बताया कि बेणेश्वरधाम पर राधकृष्ण मंदिर के शिखर व प्राण प्रतिष्ठा के साथ विश्व शान्ति व कल्याण के लिए विशाल महायज्ञ का आयोजन जाति व समाज से परे होगा। इस महायज्ञ में सर्वसमाज की 31 कोमो की सहभागिता रहेगी। मंदिर के विशाल व भव्य शिखर व प्राण प्रतिष्ठा न केवल प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर होगी जिसमें सामाजिक समरसता का संदेश व एकता का परिचायक होगी। इस भव्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में शंकराचार्य, साधु, संत,महन्त के साथ राष्ट्रीय स्तर तक नेता, जनप्रतिनिधियों के साथ सरकार, प्रशासन के अधिकारीयो का समागम इस वागड का प्रयाग व आदिवासियों के महाकुंभ में नजारा दिखने मिलेगा। इस भव्य कार्यक्रम के प्रचार व प्रसार की अहम भूमिका मीडिया के माध्यम से ही सम्भव व सफल हो सकता है।

सीमलवाड़ा और कुंआ में फर्जी दवाखाने पर छापेमारी

53 तरह की एलोपैथी दवाइयां मिली, कई एक्सपायरी डेट

सीमलवाड़ा। फर्जी झोलाछाप नीम हकीमों के खिलाफ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने मिलकर बुधवार को एक दवाखाने पर छापेमारी की। बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी दवाखाने में भारी मात्रा में एलोपैथी दवाइयां मिली है। वही कई दवाइयां एक्सपायरी डेट हो गई थी। कार्रवाई के दौरान फर्जी नीम हकीम पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की जिले में झोलाछाप नीम हकीमों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। झोलाछाप पर कार्रवाई के लिए गठित डॉ अभिषेक बागड़िया, सीमलवाड़ा बीसीएमएसओ डॉ अमोल परमार, रमेशचंद्र रावल, युवराज सिंह राठौड़, नारायण पटेल, वालाराम अहारी, दीपेश की टीम सीमलवाड़ा पहुंची। बस स्टैंड पर स्थित दीपा क्लिनिक पर छापेमार कार्रवाई की। नीम हकीम पर कार्रवाई से हड़कंप मच गया। जांच में नीम हकीम दवाखाना चलाने का कोई कागज पेश नहीं कर सका। दवाखाने का कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं मिला। दवाखाने में 2 कमरों में 6 बेड लगाकर मरीजों को भर्ती करने का इंतजाम था। तलाशी में दवाखाने में 53 तरह की एलोपैथिक दवाइयां मिली है। ये दवाइयां रखने का कोई लाइसेंस भी नहीं मिला। वही कई दवाइयां एक्सपायरी डेट मिली है।

डॉ अभिषेक बागड़िया ने बताया की कार्रवाई के दौरान नीम हकीम पिछले दरवाजे से भाग निकला। इस पर दवाइयों के साथ फर्जी दवाखाने को सील कर दिया गया है। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ अमोल परमार की ओर से धंबोला थाने में नीम हकीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई गई है। इस पर पुलिस की ओर से भी जांच की जा रही है। इसी तरह कुंआ में वरदान क्लिनिक पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई की भनक लगते ही प्रमोद कुमार बंगाली भाग गया। क्लिनिक में 5 बेड गले थे। एक बेड पर महिला मरीज भर्ती थी, जिसे ड्रिप चढ़ाई हुई थी। भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां मिली है। इसमें कई एक्सपायरी डेट की दवाइयां पाई गई है। 20 कैरेट ड्रिप मिली है। स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप के खिलाफ कुंआ थाने में रिपोर्ट दी है।

तस्कर ने कहां 2 बार जोधपुर पहुंचाया डोडा चूरा

कोर्ट ने 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

डूंगरपुर। आसपुर थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात डोडा चूरा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने तस्करी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। तस्कर के कबूलनामे की पुलिस जांच कर रही है। जांच अधिकारी सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि बीती रात आसपुर थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मोडिफाइड ऑयल टैंकर से 11 लाख रुपए का 494 किलो डोडा चूरा पकड़ा था और तस्करी के आरोप में बाड़मेर उमरलाई जागीर निवासी जयराम (28) पुत्र भागचंद विश्नोई को गिरफ्तार किया है।

धम्बोला थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोर को किया गिरफ्तार

चोरी की दो बाइक की बरामद, चचेरी बहन की हत्या के आरोप में जा चुका है जेल

डूंगरपुर। जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी से चोरी की दो बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी अपनी चचेरी बहिन की हत्या के आरोप में जेल भी जा चूका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की 21 मार्च को बाबूलाल पुत्र पूनमचंद डामोर निवासी रास्ता फला हड़मतिया ने थाने पर आकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दी थी। जिस पर धम्बोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वही जांच के लिए सहायक उप निरीक्षक प्रवीणसिंह, कांस्टेबल जीतमल, कमलाशंकर की टीम गठित की गई। इसके बाद टीम वारदात के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। इधर जांच के दौरान बाइक चोरी के बारे में कई सुराग मिले। इस दौरान थाने की ओर से गठित टीम को 25 वर्षीय महेश पुत्र गटूलाल आमलिया निवासी गोरादा फला उपला पर शक हुआ। थानाधिकारी ने बताया की जिस पर आरोपी महेश आमलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बाइक चोरी की वारदात कबूल कर ली। जिस पर पुलिस ने आरोपी महेश आमलिया को गिरफ्तार किया। वही पुलिस पूछताछ में आरोपी महेश ने साबला से भी एक बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। इधर पुलिस ने आरोपी महेश आमलिया की निशानदेही पर महेश के कब्जे से चोरी की 2 बाइक जब्त कर ली है। थानाधिकारी ने बताया की आरोपी महेश आमलिया के खिलाफ चौरासी थाने में 3 केस दर्ज है। स्त्री लज्जा भंग करने, मारपीट समेत चचेरी बहन की पत्थरों से मारकर हत्या के आरोप में जेल में भी रह चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वही थानाधिकारी ने बताया की आरोपी को सीमलवाड़ा कोर्ट में पेश किया जाएगा।